दिनांक 2 जून 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अंदरूनी मार्गो का भी दुरुस्तीकरण कार्य हो रहा तेज गति से , नेहरू नगर के सड़क कार्य का महापौर नीरज पाल ने लिया जायजा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सड़कों के डामरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के निर्देश पर सड़कों को सुधारने का काम भिलाई निगम में तेज गति से हो रहा है। महापौर नीरज पाल की पहल से सड़कों के डामरीकरण का काम भिलाई के अलग-अलग क्षेत्रों में किया जा रहा है। सड़क कार्यों का महापौर जायजा भी ले रहे हैं। पहले फेज में नेशनल हाईवे से लगे प्रमुख सड़कों का डामरीकरण के कार्य को महत्व देकर इससे पूरा किया जा रहा है। प्रमुख सड़कों के बाद अब अंदरूनी इलाकों की सड़कों को भी दुरुस्त करने का काम प्रारंभ हो गया है। महापौर नीरज पाल ने अधिकारियों के साथ आज नेहरू नगर क्षेत्र में सड़कों के संधारण एवं दुरुस्ती करण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र अति शीघ्र सड़कों को सुधारने की दिशा में कार्य करें और बारिश से पूर्व कार्य को पूर्ण कर ले। मार्गों के निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर , प्रभारी कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता , सहायक अभियंता वसीम खान एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौके पर मौजूद रहे। गौरतलब है कि नेहरू नगर चौक से लेकर केपीएस चौक तक, प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम की सड़कें, 18 नंबर रोड की सड़कें, नंदनी रोड की सड़कें, खमरिया जाने वाली मार्ग की सड़कों के साथ ही अन्य सड़कों का डामरीकरण कार्य किया जा चुका है। अब मार्गों में वाहनों के आवागमन में आसानी हो रही है तथा गड्ढों से निजात लोगों को मिल रहा है।